## एक नजर में

### टिकट चेकिंग राजस्व में अर्जन में रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे में दूसरे स्थान पर

**रतलाम।** यात्रियों की यात्रा को सुखद एवं आनंददायक बनाने के लिए पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल सतत प्रयासरत है। इस कार्य में वाणिज्य विभाग भी काफी अहम जिम्मेदारी निभा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कुशल निर्देशन एवं नियमित निगरानी के कारण टिकट चेकिंग के साथ ही ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी करने वालों के प्रति कार्यवाही करने एवं उनसे जुर्माना वसूलने, ट्रेनों में यात्रियों के छूटे हुए सामानों जैसे- बैग, पर्स, मोबाइल आदि यात्री को वापस करने, घर से भागे हुए नाबालिग बच्चों तथा खोये हुए वरिष्ठ नागरिकों को उनके परिवारजनों तक पहुँचाने जैसे काफी सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। टिकट चेकिंग स्टाफ न केवल यात्रियों के टिकट की जांच कर रहे हैं बल्कि अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने में भी अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा टिकट जांच में काफी अच्छा राजस्व प्राप्त किया है। अप्रैल से जून 2025 तक टिकट जांच में कुल 1.16 लाख प्रकरणों से लगभग रु 7.95 करोड़ का राजस्व रतलाम मंडल को प्राप्त हुआ है जो मुख्यालय से इस अवधि के लक्ष्य से लगभग 24.25 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जून माह की बात करें तों रतलाम मंडल ने जून 2025 में 35803 प्रकरणों से लगभग रु 2.40 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर पश्चिम रेलवे के छः मंडलों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अप्रैल से जून 2025 के दौरान टिकट चेकिंग से प्राप्त राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त राजस्व से लगभग 11 प्रतिशत अधिक तथा जून 2025 में टिकट चेकिंग से प्राप्त राजस्व जून 2024 में प्राप्त राजस्व से लगभग 24.5 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य विभाग टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा गाडियों एवं रेलवे क्षेत्र में गंदगी फैलाने के लिए भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा 198 के तहत सख्त कार्यवाही की जा रही है तथा इस वर्ष अप्रैल से जून 2025 तक कुल 762 प्रकरणों में लगभग रु 1.70 लाख का राजस्व वसूल किया गया है जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के राजस्व से लगभग 65 प्रतिशत अधिक है। वैध टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का लाभ उपलब्ध कराने के लिए टिकट जांच एक सतत प्रक्रिया है और यह लगातार जारी रहता है। यात्रीगण अपने परिवार के साथ वैध टिकट के साथ न केवल निश्चिंत होकर यात्रा करते हैं बल्कि देश के विकास में भी अपनी भूमिका निभाते हैं।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना आज विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए अंतरित की जाएगी राशि

**रतलाम।** स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को 4 जुलाई 2025 को प्रातः 10:30 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में होगा। जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। रतलाम जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी मुख्य अतिथि रहेगी।

### युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी यू.पी. अहिरवार ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 4 जुलाई 2025 को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में रखा गया है। जिसमे बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। शैक्षणिक योग्यता 10 वी या आई.टी.आई उतीर्ण, या स्नातक तथा आयु 18 से 30 वर्ष तक। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में 4 जुलाई 2025 को समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

# निरंतर वर्षा से किसानों के चेहरे खिले



**रतलाम।** प्रदेश सहित रतलाम में लगातार बारिश का दौर जारी हैं। रिमझिम की फुहारों के साथ बेहतर बारिश हुई हैं। लगातार हो रही इस समय वर्षा के कारण अब किसानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा होने के बाद अब रोपाई के कार्य में तेजी आएगी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार इस समय उज्जैन संभाग में में पर्याप्त वर्षा हो रही है। जिसके कारण नदी नाले लगभग उफान पर हैं। अन्य नदियों का जल स्तर बड़ता जा रहा है। प्रदेश में इस समय धान की बोआई हो चुकी है, वर्षा होने से इनका अंकुरण तेजी से होगा। किसानों के अनुसार रोपाई के लिए अभी और वर्षा की आवश्यकता है। कृषि विभाग के अनुसार इस समय 7 क्विंटल से अधिक प्रमाणिक बीज का वितरण हो चुका है तथा खाद का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहा है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी ओडीसा और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की सम्भावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: भोपाल, उज्जैन इन्दौर संभागपर लगातार बारिश होने की संभावना बन रही हैं।

**द्रोणिक एवं चक्रवात के कारण वर्षा का पूर्वानुमान**

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर इससे उज्जैन संभाग पर असर पड़ने की संभावना हैं। दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश और उससे लगे क्षेत्र के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



## अमृत सागर कॉलोनी उद्यान को बनाया मिनी वन

**आमजनों ने अभियान अन्तर्गत 101 पौधे रोपे**

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार अमृत हरित अभियान एवं वूमेन फॉर ट्री अभियान अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 22 अमृत सागर कॉलोनी उद्यान में दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर के आतिथ्य, क्षेत्रिय पार्षद तथा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी विशाल शर्मा की विशेष उपस्थिति में स्व सहायता समूह की महिलाऐं, कॉलोनी के गणमान्य नागरिक आदि ने विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधो का रोपण कर मिनी वन बनाया व इनके रखरखाव व संधारण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कमल सिलावट, आकाश खड़के, डॉ रामेश्वर पाटीदार, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य राधेश्याम बूंदीवाल, कपूर सोनी, विजय जैन, भगत सांखला, राजेश शर्मा, विजय सेन, रमेश गोयल, राजेश मेहरा, मनोज व्यास, प्रदीप सिंह सोलंकी, धीरज शर्मा, कटारिया काकी, नूतन राजपुरोहित, मंगलेश शुक्ला आदि ने पर्यावरण को सहजने की प्रतिबद्धता के साथ सहभागिता की।

## 15 वां स्थापना दिवस के तहत हुए तीन दिवस आयोजन

**अखंड पाठ साहिब लगातार 48 घंटों तक पढ़ा**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** टीआईटी रोड़ स्थित दादी कुंदी दरबार का धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ 15 वां स्थापना दिवस मनाया गया। 1 जुलाई से आयोजित तीन दिवसीय स्थापना दिवस के गुरूवार को समापन दिवस पर सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक भजन कीर्तन सत्संग (सिंधी समाज द्वारा), प्रात: 11.30 से 12 बजे तक आनन्दु साहिब आरती अरदास तथा हुक्मनामा हुआ, 12.30 बजे से गुरू लंगर हुआ जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने हिस्सा लिया।

अखंड पाठ साहिब किया गया जो कि लगातार 48 घंटों तक पढ़ा जाता है। पाठ पढने के लिए ज्ञानी अजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, ज्ञानी हरजीत सिंह एवं महेश धनवानी जी ने सम्पन्न करवाया। ज्ञानी मानसिंह द्वारा सत्संग भजन कीर्तन किया गया। गुरू राजकुमार गगवानी एवं उनकी पुरी मंडली द्वारा किर्तन आशीर्वचन सुनाएं गए। इस अवसर पर हरि चोतरानी बड़ौदा (गुजरात) के संत ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं उपस्थिति धर्मालुजनों को प्रवचन सुनाएं। दादी कुंदी दरबार का 15 वां



स्थापना दिवस पर रतलाम के सिंधी समाज के सभी नागरिकों को बधाई दी।

रतलाम सिंधु समाज सेवा समिति अध्यक्ष राम लालचंदानी, रमेश चोयथानी एवं समिति सदस्यों द्वारा हरि चोतरानी एवं महेश धनवानी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। दादी कुंदी दरबार में लगातार 15 वर्ष से प्रतिदिन ब्रह्म मुहुर्त एवं संध्या में गुरू की सेवा आरती अरदास श्री महेश धनवानी द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष भी बाबा श्री घनश्यामदास कल्याणी परिवार के साथ ही दिलीप सोमनानी, रामरत्यानी, उत्तम छाबड़ा, राधा स्वामी सत्संग मंडल द्वारा भी सेवा की गई। अखंड पाठ साहिब की सेवा स्व. नानकराम चोयथानी एवं जानकी चोयथानी, शीला जेतवानी की स्मृति में चोयथानी परिवार द्वारा भजन सत्संग किया गया। जिसमें विनोद छेतिया, सुनिल भोजवानी, शिव त्रिलोकचंदानी द्वारा भजन किर्तन किया गया। आरती अरदास वचन हुक्मनामा महेश धनवानी द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर समाज के राम लालचंदानी, रमेश चोयथानी, मुरली अवतानी, चंद्रप्रकाश हरिश करमचंदानी, कमलेश मुलवानी, पुरन चोयथानी, अनिल जसूजा, सुशील फुलवानी, रमेश करनानी, राजु परियानी, महिला मण्डल की हंसा जसूजा, मीरा सत्यानी, किरण गुरनानी, विन्नी जसूजा, रीना चोयथानी, माया छबलानी, अंजु छबलानी, विन्नी जसूजा, डिंपल जसूजा एवं दीपा धनवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## अवैध तरीकें से रूपए देने से इंकार करने पर मारपीट, जान की धमकी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** एक युवक ने दूसरे से अवैध तरीकें से रूपए मांगे। युवक ने जब रूपए देने से इंकार कर दिया तो मारपीट करते हुए जान की धमकी दी गई।

यह मामला स्टेशन रोड थाना क्षेत्र का हैं। आरोपी ने युवक से अवैध रुप से रुपयों की मांग की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार जुनी कलाल सेरी निवासी मिथलेश सिंह पिता नाथुसिंह देवड़ा के साथ रिहान उर्फ बाल पिता जबार खान निवासी हरमाला रोड ने अवैध रुप से रुपयों की मांग की। मिथलेशन सिंह ने जब रुपए देने से इंकार किया तो आरोपी रिहान ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर स्टेशन रोड पुलिस ने आरोपी रिहान उर्फ बाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** स्कूली विद्यार्थियों को पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षक के लिए जागरूक किया और सिंगल यूज पॉलीथिन इस्तेमाल नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

सृष्टि समाज सेवा समिति और नगर पालिक निगम आईईसी टीम द्वारा शा. मा. वि. नूतन क्र. 2 डोंगरे नगर के के बच्चों को सिंगल यूज पॉलीथिन इस्तेमाल नहीं करने जागरूक किया और इससे होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी।

बताया गया कि सिंगल यूज पॉलीथिन इस्तेमाल करने से नदियां, जल, पर्यावरण तो दूषित हो रहा है साथ ही पॉलीथिन को गाय सहित अन्य पशु भी खाने की वस्तुओं के साथ खा जाते है जिससे उनकी मृत्यु




तक हो जाती हैं। इसलिए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है घर परिवार और लोगों को भी इसके नुकसान के बारे में लोगों को बताना है। विद्यालय के बच्चों को पॉलीथिन उपयोग नहीं करने की शपथ जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजवर्गीय ने दिलाई।

इस मौके पर नूतन विद्यालय के शिक्षक ध्रुव कुमार पारखी, एकता पंवार रेखा मेहरा, नाज़नीन मलिक, संतोष वैष्णव, उज्जवला यादव शिनशा शर्मा, निशा बरडिया, रेहाना खान सृष्टि समाज सेवा समिति सदस्य काजल टाक, महेंद्र नागर, सतीश टाक नगर निगम आईईसी टीम के अजय परमार, करण सिंह भदौरिया, रोशनी वर्मा, राम प्रसाद गिरवाल, रामेश्वर परमार, मनीष पंवार, जय, सोनू, सुनील, रेखा आदि मौजूद रहे।

## कौशल विकास हेतु नेपटेल कोर्सेज प्रक्रिया व परीक्षा महत्व को समझाया

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. मिलिंद डांगे ने की। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दीक्षारंभ कार्यक्रम में नव प्रवेश विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा संस्थान का परिचय, पाठ्यक्रमों का परिचय, नवीन शिक्षा नीति 2020 का परिचय, छात्रवृत्ति योजनाएं, एन एस एस, एनसीसी का परिचय के साथ प्रयोगशाला भ्रमण, पुस्तकालय भ्रमण, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ भ्रमण प्लेसमेंट की जानकारी दी। नई शिक्षा नीति 2020 स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम संरचना आंतरिक मूल्यांकन, वोकेशनल कोर्स, प्रोजेक्ट, इंटर्नशीप, इसी क्रम में मध्य प्रदेश एवं केंद्रीय शासन के स्कॉलरशिप, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट करियर व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी। कौशल विकास हेतु नेपटेल कोर्सेज की प्रक्रिया एवं परीक्षा से संबंधित बिंदुओं पर एवं उसके महत्व को समझाते हुए सारगर्भित रूप से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. रियाज मंसूरी, डॉ. एल एस चौगड़, डॉ. दिनेश बोरासी, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. नीरज आर्य, डॉ. आकाश ताहिर, डॉ. रूपेंद्र फरस्वांण, डॉ. विजेंद्र सोलंकी, डॉ.संजय परिहार, डॉ. ललिता मरमट डॉ. स्वाति पाठक आदि ने अपने प्रेरक उद्बोधन, पी पी टी के माध्यम से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। डॉ. सीएल शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ.स्वाति पाठक, डॉ. एमएल बडगोत्या, डॉ. केआर पाटीदार, डॉ. एसएस मौर्य आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से एक की मौत

**रतलाम।** जिले के सरवन थाना क्षेत्र में करंट लगने से व्यक्ति की मौत हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम महुड़ीपाड़ा निवासी रकु पिता सवा गणावा उम्र 43 वर्ष को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। सत्तु पिता खिमा गणावा ने पुलिस को बताया कि घर में करंट लगने से रकु की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉ. श्री संयमलता मसा आदि ठाना 4 का चातुर्मास प्रवेश आज

**रतलाम।** श्रमणसंघीय आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनी म. सा. की आज्ञानुवर्तिनी, गुरुणी पूज्या श्री कमलावती जी म. सा. की सुशिष्या दक्षिण चंद्रिका महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म.सा. साध्वी डॉ. श्री अमितप्रज्ञा जी म.सा, साध्वी डॉ श्री कमलप्रज्ञा जी म.सा. साध्वी श्री सौरभप्रज्ञा जी म.सा. आदि ठाना 4 का राजस्थान की पावन धारा उदयपुर का चातुर्मास पूर्ण कर आगामी वर्षावास 2025 हेतु रतलाम शहर में चातुर्मास प्रवेश 4 जुलाई को होगा।

4 सतियों में से तीन सतियाजी ने जैन दर्शन पर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है एवं चौथी साध्वी भी अतिशीघ्र ये उपाधि प्राप्त कर लेंगे। महासती जी ओजस्वी प्रवचनकार, मधुर गीतकार है।



पूज्या महासतिया जी का नगर प्रवेश जैन कालोनी से संघरत्न इन्दरमल जैन वकील साहब के निवास से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ जे एम डी पैलेस सागोद रोड पर धर्म सभा मे परिवर्तित होगा।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार बापूलाल महेंद्र कुमार सौरभ बोथरा परिवार रहेंगे। इस अवसर पर मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप एवं उदयपुर, बोइसर, मुम्बई भिवंडी, पुणे, पालगढ़ बेंगलोर, कोटा, भोपाल आदि देश के विभिन्न स्थानों सैकड़ो की संख्या में भक्तगण पहुचेंगे।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमचौक के अध्यक्ष अजय खमेसरा, महामंत्री विनोद कटारिया, कोषाध्यक्ष अमृत कटारिया, इंदरमल जैन महेन्द्र बोथरा, मणिलाल कटारिया, सुरेश कटारिया, ललित पटवा, प्रेमकुमार जैन मोगर, विनोद बाफना, जयन्तिलाल डाँगी, आशीष कटारिया, राजकुमारी पोखरना, रीना गाँधी, लक्ष्य कटारिया, सुहानी पटवा आदि ने धर्मप्रेमी जनता से निवेदन किया की अधिक से अधिक की संख्या मे पधारकर चातुर्मास प्रवेश को सफल बनावे।

## साध्वी श्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी मसा का मंगल प्रवेश आज

**जावरा।** प्रातः स्मरणीय गुरुदेव श्री राजेंद्र सुरीजी महाराज साहब की क्रियोद्धार स्थली जावरा नगर में, पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी मसा के पट्टधर वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. व आचार्य श्री जयरत्न सूरिश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी म.सा., निरागरसा श्रीजी मसा, श्री नागरसा श्रीजी म.सा. आदि ढाणा 3 मालवा के विभिन्न शहरों से होते हुए आज जावरा की धरा पर पहुंचेगें। हास्पीटल रोड़ स्थित श्री मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर से चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश होगा।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन एवं श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर ने देते हुए बताया कि साध्वी जी का चातुर्मास प्रवेश 4 जुलाई को प्रातः 8 बजे जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पिपली बाजार जैन उपाश्रय पहुंच कर धर्म सभा में परिवर्तित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि पारस जैन पूर्व ऊर्जा मंत्री



मध्य प्रदेश शासन, अध्यक्षता सुधीर गुप्ता सांसद मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र, विशेष अतिथि डॉ राजेंद्र पांडे विधायक जावरा, दिनेश जैन विधायक महिदपुर विधानसभा, विपिन जैन विधायक मंदसौर विधानसभा रहेंगे साथ ही प्रकाशचंद्र छाजेड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद, सुधीर लोढ़ा राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद, श्री राजेंद्र सुराणा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय श्री राजेंद्र नवयुवक परिषद होगे।

अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का किया अनुरोध -

मंगल प्रवेश को लेकर चातुर्मास समिति जावरा अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन, महासचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष अभिषेक बोरदिया, श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर, महासचिव अशोक नवलखा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन पटवारी, अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन महिला परिषद प्रदेश अध्यक्ष सारिका कोलन, अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयूवक परिषद अध्यक्ष सुमित दसेड़ा, महासचिव रुपेश सिसोदिया, चल समारोह व्यवस्थापक अशोक कटारिया, नगिन सकलेचा

सहित पदाधिकारियों ने चातुर्मास प्रवेश पर सभी गुरूभक्तो से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर जिनशासन की शोभा बढाये।

**एक नजर**

**जावरा में विकासखंड स्त्रोत केंद्र समंवयक पद पर सेवा दी**

## बीआरसीसी हाड़ा का सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया

**जावरा।** जनपद शिक्षा केंद्र जावरा द्वारा समस्त स्टाफ एवं जन शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जयेंद्रसिंह हाड़ा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह सुजापुर माताजी मंदिर पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। जन शिक्षक शिवनारायण धाकड़ ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात अधिवार्षिकीय अवधि पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जयेंद्र सिंह हाड़ा का स्वागत खंड अकादमिक समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत, नीता शर्मा, राजेश भावसार, विकासखंड साक्षरता सह समन्वयक रितेश चोपड़ा, उप यंत्री यूनुस खान, अकाउंटेंट दिनेश वर्मा, ऑपरेटर योगेश त्रिवेदी, जन शिक्षक महेंद्र त्रिवेदी, सौरभ गुप्ता, भगवान सिंह सिसोदिया, लालू मईड़ा, प्यार सिंह पवार, केसर खान, अंगुरबाला पाटीदार, शिवनारायण धाकड़, अशोक दड़िंग, सुनील कदम, सुनील कोठाने, कैलाश वाक्तरिया, लक्ष्मी नारायण मेहता, सादिक



खान, सबीना कोसर, लीलाधर दायमा, जागृति छाजेड़, नंदकिशोर कारपेंटर, मुकेश देवड़ा, हरीश टेलर आदि ने किया। स्वागत भाषण विकासखंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार ने दिया। बीआरसी स्टाफ एवं जन शिक्षकों ने जयेंद्रसिंह हाड़ा का सम्मान शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। सम्मान पत्र का वाचन जन शिक्षक महेंद्र त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह हाड़ा जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ने कहां है कि हाड़ा के नेतृत्व मे जावरा विकास खंड के कार्य तेजी से हुए है। आपने आलोट, बजाना और सैलाना में रहते हुए भी विभाग के कई उल्लेखनीय कार्य किये। आपने संपूर्ण सेवा काल में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पित भाव से कार्य किया हैं। विभाग को इसी प्रकार आपका सहयोग एवं मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहे। सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) राजेश कुमार झा एवं विवेक नागर ने भी संबोधित किया। सेवानिवृत्ति बीआरसीसी हाड़ा ने कहा कि मैंने सदैव स्टाफ के साथ टीम भावना से कार्य किया और सभी का सहयोग भी मुझे भरपूर मिला। खंड अकादमिक समन्वयक नीता शर्मा, जन शिक्षक सौरभ गुप्ता, अशोक दड़िंग, सुनील कोठाने, लक्ष्मी नारायण मेहता, भगवानसिंह सिसोदिया, केसर खान, कैलाश वाक्तरिया, प्यारसिंह पवार, सादिक खान, लालू मईड़ा पुरुषोत्तम भाटी, मुकेश देवड़ा, ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में तालीदाना गौशाला के अध्यक्ष गजराज सिंह राठौर, राजकुमार राठौर, अंबाराम बोस, निर्मला पांडे आदि उपस्थित थे। संचालन खंड सह समन्वयक साक्षरता रितेश चोपड़ा ने किया एवं आभार खंड अकादमिक समन्वयक चरणसिंह चंद्रावत ने माना।